संख्या- 45/1223/बयालिस-2015-2/एस0पी0/52/82

प्रेषक,

भुवनेश कुमार,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खले अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 19 मई, 2015**

विषय :- खेल विभाग के अन्तर्गत 100 नये तदर्थ प्रशिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- जी0- 1131/मा0 मुख्यमंत्री घोषणा/2014-15, दिनांक 30 जनवरी, 2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या- 406/बयालिस-96-2/एस0पी0/52/89, दिनांक 08 फरवरी, 1996 एवं शासनादेश संख्या- सी0एम0- 303/बयालिस-2005-17 (बजट)/2005, दिनांक 23.01.2006 द्वारा तदर्थ प्रशिक्षकों (अंशकालिक) की संख्या 350 निर्धारित की गयी है। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणा दिनांक 18.10.2014 के क्रम में श्री राज्यपाल महोदय 100 नये तदर्थ प्रशिक्षकों (अंशकालिक) की संख्या बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है। उक्त 100 नये तदर्थ प्रशिक्षकों (अंशकालिक) की संख्या बढ़ाये जाने के फलस्वरूप खेल विभाग के अन्तर्गत तदर्थ प्रशिक्षकों (अंशकालिक) की संख्या- 450 हो जायेगी।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय आगामी वित्तीय वर्ष- 2015-16 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक-2204-104-18 प्रशिक्षक (राज्य सेक्टर)-42-अन्य व्यय मद में व्यविस्थत धनराशि से ही वहन किया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या- ई-5-709/दस-2015, दिनांक 12.05.2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

भुवनेश कुमार
सचिव।

संख्या- 45/1223(1)/बयालिस-2015-तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- सम्बन्धित कोषाधिकारी।
3- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग- 5
4- कम्प्यूटर प्रति/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in